पत्र संख्या-आई0टी0/ पैन अपडेशन/(2016-2017)/ 510 /1617030 / वाणिज्य कर

कार्यालय कमिश्नर, वाणिज्यकर, उत्तर प्रदेश
(आई0टी0-अनुभाग)
दिनॉक // लखनऊ // अगस्त, 31 2016

समस्त जोनल एडीशनल कमिश्नर,
समस्त ज्वाइंट कमिश्नर(कार्यपालक/कारपोरेट सेल)
वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश।

---

कृपया मुख्यालय के पूर्व पत्रांक : आई0टी0/एन0आई0सी0 कम्प्यूटर साफ्टवेयर/(2014-2015)/754/1415107/ दिनॉक 30.12.2014 एवं पत्रांक : आई0टी0/एन0आई0सी0 कम्प्यूटर साफ्टवेयर/(2014-2015)/817/ दिनॉक 22.01.2015, पत्रांक:(शोध/जी0एस0टी0)/पैन अपडेशन/2015-16/166 वाणिज्य कर दिनॉक 21.08.2015 तथा पत्रांक:(शोध/जी0एस0टी0)/पैन अपडेशन/2015-16/273दिनॉक 21.11.2015 का संदर्भ लेने का कष्ट करें जिनके द्वारा प्रस्तावित जी0एस0टी0 व्यवस्था हेतु विभाग में पंजीकृत व्यापारियों के पैन अपडेशन के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश जारी किये गये थे। इसी क्रम में मुख्यालय के पत्रांक : आई0टी0/एन0आई0सी0 कम्प्यूटर साफ्टवेयर/(2016-2017)/284/1617020/ दिनॉक 08.07.2016 द्वारा निर्देशित किया गया है कि पंजीकृत व्यापारियों के पैन वेलीडेशन का कार्य दिनॉक 31.08.2016 तक पूर्ण करा लिया जाये यदि 31.08.2016 के उपरान्त भी डीलर्स द्वारा अपना PAN Update नहीं कराया जाता है तो सम्यक सुनवायी का अवसर प्रदान करते हुए टिन निरस्तीकरण की कार्यवाही की जाए।

2- उपरोक्त के क्रम में अवगत कराना है कि सरकारी विभाग/अर्द्धसरकारी विभाग/निगम/निकायों के पंजीयन जिनमें प्रदेश के कई स्थानों पर शाखांये अथवा कैम्प कार्यालय पंजीकृत हैं उनमें एक ही PAN में कई कार्योलयों का पंजीयन है। यह निर्देश दिये जाते हैं कि ऐसे मामलों में पैन अपडेशन के समय सरकारी विभाग/अर्द्धसरकारी विभाग/निगम/निकायों के सम्बंध में यदि PAN/TAN सही अंकित है और सभी कार्यालय एक ही सरकारी संस्था से सम्बंधित हैं तो उन्हें सत्यापित कर दिया जाए। उक्त निर्देशों के सन्दर्भ में जी0एस0टी0 प्रक्रिया के सुचारू संचालन हेतु निर्धारित समयावधि में समस्त पैन अपडेशन का कार्य सम्पन्न करना सुनिश्चित करें।

यह पत्र कमिश्नर महोदय के अनुमोदनोपरान्त जारी किया जा रहा है।

(विवेक कुमार)
एडीशनल कमिश्नर(विधि), वाणिज्य कर
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।